मानगो नगर निगम के कार्यालय में

# पीएम स्वनिधि योजना

की प्रगति को लेकर आयोजित
की गई समीक्षात्मक बैठक

## पीएम स्वनिधि योजना के लिए 5 मार्च से लगेगा ऋण शिविर



**जमशेदपुरः** मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया. बैठक में पीएम स्व निधि योजना के तहत बैंक वाइज लंबित आवेदनों के निष्पादन पर चर्चा की गई. सहाय ने बताया नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में सभी लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए 5 से 15 मार्च तक बैंक वाइज कैंप लगाने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने बताया वैसे आवेदन जो अब तक मार्केट प्लेस में प्रदर्शित हो रहे हैं और बैंकों द्वारा रिटर्न किए गए आवेदनों को पुनः लाभुकों से संपर्क करते हुए बैंकों में रीसबमिट किए गए हैं. उन आवेदनों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करते हुए लाभुकों को योजना का लाभ दिया जाए. कुछ बैंकों के उदासीनता के कारण इस योजना में कई लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. उन्होंने मामले में गंभीर होने के निर्देश दिए.

**पीएम स्वनिधि योजना के लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए बैंकों को 5 मार्च से कैंप लगाने का दिया गया निर्देश**

नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार